लोक सभा अध्यक्ष ने कार्यालय समय के बाद देर तक कार्य करने वाली एलएसटीवी चैनल की महिला कर्मियों के लिए परिवहन सुविधाओं की समीक्षा की

नई दिल्ली, 04 अगस्त, 2015 : महिला कर्मियों के लिए अनुकूल कार्य स्थितियां सुनिश्चित करने हेतु लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने 24x7 लोक सभा टीवी चैनल की महिला कर्मचारियों को रात्रि ड्यूटी के दौरान प्रदान की जा रही परिवहन सुविधा की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा की।

बाद में, श्रीमती महाजन की पहल पर लोक सभा सचिवालय ने एलएसटीवी की सभी महिला कर्मचारियों के साथ संवाद बैठक में कर्मचारियों, ट्रासंपोर्टरों, पदाधिकारियों, एलएसटीवी प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्यों तथा लोक सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों की राय ली। उनकी राय के आधार पर सचिवालय ने एलएसटीवी की महिला कर्मचारियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए वर्तमान उपायों के अलावा कई नए उपाय शुरू किए हैं।

इस दिशा में उठाए गए विभिन्न कदमों का ब्यौरा देते हुए लोक सभा के सचिव डा. डी. भल्ला ने बताया है कि लोक सभा अध्यक्ष ने लोक सभा सचिवालय को एलएसटीवी की महिला कर्मचारियों को उनकी देर रात की शिफ्ट के बाद सुरक्षित परिवहन सुविधा प्रदान करने के निदेश दिए हैं । उन्होंने पुलिस द्वारा सभी ड्राइवरों के सत्यापन को अनिवार्य कर दिया है और निदेश दिया है कि सचिवालय के पास सभी ड्राइवरों की जानकारी होनी चाहिए। सचिवालय ने इन निदेशों को कार्यान्वित कर दिया है।

डा. भल्ला ने यह भी बताया कि महिला कर्मचारियों को कोई समस्या होने की स्थिति में परिवहन डेस्क तथा सचिवालय के अन्य संबंधित कार्यालयों को सूचित करने का अनुरोध किया गया है। उन्हें यह भी अनुरोध किया गया है कि वे एलएसटीवी और लोक सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों और परिवहन डेस्क के मोबाइल नं. अपने मोबाइल में फीड कर लें ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सके। लोक सभा सचिवालय की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत है जिसमें एक नोडल ऑफिसर और उनके पांच सहयोगी हैं । वह अधिकारी एलएसटीवी की सभी महिला परामर्शदाताओं के मोबाइल नं. अपने पास रखता है और जब भी वे देर रात की शिफ्ट में कार्य कर रही हों तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे सुरक्षित घर पहुंच गई हैं या नहीं उनसे संपर्क बनाए रखता है। एलएसटीवी भी यथासंभव महिला कर्मचारियों को देर रात की शिफ्ट ड्यूटी नहीं देती। परिवहन कांट्रेक्टर और ड्राइवरों को भी महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के बारे में सजग बनाया जा रहा है। लोक सभा टीवी चैनल में कार्यान्वित जा रही यह एक अनूठी व्यवस्था है।